# दहेज में बुलेट व दो लाख न मिलने पर पत्नी को पीटा

## पति समेत चार ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज एक्ट के मामले में पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला इस्लाम नगर में दिलशाद अली का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी जेबा की शादी 30 अगस्त 2023 को मोहल्ले के ही रहने वाले दिलशाद के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। मायके से दो लाख रुपये और बुलेट दिलाने का दबाव बनाया जाता था। जेबा जब विरोध करती थी तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। आरोप है कि 13 फरवरी की रात में पति दिलशाद, सास राबिया उर्फ रब्बो, देवर शहजाद और एक अन्य व्यक्ति आले हसन ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की और धक्के देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में दिलशाद, राबिया, शहजाद और आले हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक एकजुट

## आज ट्वीटर चलायेंगे हैशटैग अभियान, 23 से बाजू पर काली पट्टी बांधकर जतायेंगे विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जूनियर हाईस्कूल संघ महिला शिक्षक संघ, एससी एसटी वैलफेयर शिक्षक संगठन ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन किया।

पीरगढ़ स्थित विद्यालय में शिक्षक संगठन एकजुट हुए तथा टीएफआई के नेतृत्व में कल 22 फरवरी को टवीटर पर हेशटेग अभियान पर जोर दिया तथा 23, 24, 25 फरवरी को सभी शिक्षक अपने विद्यालयों में बाजू पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया तथा 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन के उपरांत पैदल मार्च में शामिल होने का आह्वान किया तथा जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जायेगा। आज की बैठक में यशपाल सिंह, विकास चौहान, करतार सिंह, सौरव सक्सैना, नीतू सिंह, मुकेश चौधरी, राजदीप सिंह, वरन सिंह, कविराज सिंह, अरूणमान, जागेश चौधरी, कमल शर्मा, उज्जवल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, अजीम अख्तर आदि मौजूद रहे।



# गाली गलौच के विरोध पर ई रिक्शा चालक को पीटा

## दो सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के लकड़ा चौराहे के पास ई-रिक्शा चालक की बेदर्दी से पिटाई की। सिर पर लोहे के बाट और नुकीली चाबी से हमला कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव दाऊद सराय निवासी सुहैल शहर मे ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। गुरुवार शाम लगभग 4:40 बजे वह लकड़ा चौराहे पर मिलन मेडिकल स्टोर के पास रिक्शा लेकर खड़ा था। उसी दौरान गांव के ही दो सगे भाई मुजम्मिल और फारूक वहां पहुंचे और सुहैल के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने सुहैल के सिर पर लोहे के बाट और नुकीली चाबी से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने सुहैल का मोबाइल फोन तोड़ दिया। लोगों को जमा होते देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# अंग्रेजी का आसान पेपर देख खिले बच्चों के चेहरे

## 10 केन्द्रों पर आयोजित हुई परीक्षा, 28 रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल कक्षा 10 की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शनिवार को जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर छात्रों में पहले से ही उत्सुकता थी, लेकिन परीक्षा समाप्त होते ही केंद्रों के बाहर बच्चों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिखाई दी।

जिले में कुल 3377 पंजीकृत छात्रों में से 3349 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 28 छात्रों ने परीक्षा से किनारा किया। छात्रों का कहना था कि प्रश्नपत्र आसान था और अधिकांश सवाल सीधे और पाठ्यक्रम आधारित थे। कई छात्रों ने बताया कि पेपर अच्छा गया है और अच्छे अंकों की उम्मीद है। दसों परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही शांत माहौल रहा। अभिभावक केंद्रों के बाहर बच्चों का इंतजार करते नजर आए। गांव-कस्बों से आए बच्चों में भी खासा उत्साह दिखा। परीक्षा के बाद दोस्त आपस में उत्तरों की चर्चा करते दिखे और माहौल हल्का-फुल्का हो गया। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल अग्रवाल ने बताया कि जिले में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अनुशासित माहौल में कराई जा रही हैं। सभी केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और परीक्षा संबंधी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन और स्कूल प्रबंधन की संयुक्त टीम लगातार निगरानी कर रही है, ताकि परीक्षाएं नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों।परीक्षा के बाद बच्चों के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वही इस बात का संकेत थी कि अंग्रेजी का पेपर सिर्फ सवालों का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का भी इम्तिहान बन गया और ज्यादातर बच्चे इस इम्तिहान में खरे उतरे।



# रोजेदारों को बेहतर सुविधाएं देगी पालिका

## शहर में सफाई के विशेष इंतजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रमजान माह के मद्देनजर नगर पालिका ने शहर में विशेष इंतजाम करने के निर्देश जारी किए हैं। पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन एवं उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रोजेदारों और नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

पालिका द्वारा मस्जिदों के आसपास और गली-मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। मुख्य मार्गों व कॉलोनियों में लगे स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया जाएगा तथा खराब प्रकाश बिंदुओं की मरम्मत या नई लाइटें लगाई जाएंगी। सहरी और इफ्तार के समय पेयजल आपूर्ति निर्बाध रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। ईद की सामूहिक नमाज को देखते हुए ईदगाह और उससे जुड़े संपर्क मार्गों की साफ-सफाई तथा आवश्यकता पड़ने पर मरम्मत कार्य भी कराया जाएगा। साथ ही पालिका प्रशासन ने बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यापारियों से अपील की है कि ठेले-फड़ व्यवस्थित ढंग से लगाएं, ताकि यातायात बाधित न हो। नागरिकों से भी घरों का कूड़ा डोर-टू-डोर वाहन में ही देने और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गयी है।

# कांग्रेस पर देश की छवि बिगाड़ने का आरोप



## कार्रवाई की मांग को भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने एआई समिट के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा अर्द्धनग्न होकर देश की छवि बिगाड़ने का आरोप लगाते उन पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। शनिवार को भाजयुमो के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होन आरोप लगाया कि नई दिल्ली में बीते दिन आयोजित एआई समिट के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इससे भारत की अन्तर्राष्ट्रीय छवि खराब हुई। उन्होंने कहा कि देश की गरिमा, एकता और वैश्विक प्रतिष्ठा सर्वोपरि है। किसी भी मंच से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला कर्तव्य है। ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी, सनी सक्सैना, सुमित गुर्जर, शिवम टंडन, दिनेश सैनी, फरहान अख्तर, आकाश वाल्मीकि, हिमांशु व हर्ष आदि मौजूद रहे।

# स्वयंसेवियों ने लिया समाजसेवा का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शनिवार को वाईएमएस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय नियमित विशेष शिविर ग्राम धनौरी खुर्द शुमाली में विधिवत शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवियों को शिविर स्थल के लिए रवाना किया। शिविर स्थल पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जहां ग्राम प्रधान राजेश कुमार और प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में डॉ. सीमा शर्मा, जयवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे, जिनमें नीशू, प्रियांशी, शशिकांत, अभय कुमार, पूनम दिवाकर, विकान्त यादव, दीपांशु यादव, सुमित, अमन, एकता राजपूत, संगीता सैनी आदि मौजूद रहे।

# दुग्ध उत्पादकों को आय बढ़ाने के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सहज दुग्ध उत्पादक संस्था द्वारा दुग्ध उत्पादक सदस्यों को

**■ सहज दुग्ध उत्पादक संस्था के कार्यक्रम में चारा काटने की मशीनें वितरित**

चारा काटने की मशीनों के वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादकता बढ़ाने एवं पशुपालन कार्य को अधिक सुगम बनाना रहा।

शनिवार को हाइवे स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रफुल भानवडिया तथा उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप अंटिल ने दुग्ध उत्पादक के 77 सदस्यों को चारा काटने की मशीनें वितरित कीं। यह मशीन बाजार में तीस हजार रूपये की है, जिसमें किसानों से मात्र दस हजार रूपये जमा कराए गए जबकि बीस बीस हजार कम्पनी ने अपनी तरफ से वहन किए। सीईओ श्री भानवडिया ने कहा कि कंपनी सदैव किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। बताया कि चारा काटने की मशीनों के उपयोग से पशुओं को संतुलित एवं बेहतर गुणवत्ता वाला चारा उपलब्ध होगा, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में सुधार होगा। डिप्टी सीईओ श्री अंटिल ने कहा कि कंपनी आगे भी दुग्ध उत्पादकों के सशक्तीकरण के लिए कार्य करती रहेगी। अंत में अमरोहा व मुरादाबाद जिला प्रभारी गिरधर गोपाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर राजीव चौहान, राहुल सिंह, डॉ.अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



# बिजनौर जाते राकेश टिकैत का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का शनिवार को जोरदार स्वागत किया गया। बिजनौर में प्रस्तावित विशाल किसान जनसभा में भाग लेने जाते समय टिकैत बाईपास मार्ग स्थित एक रेडीमेड कपड़ों के शोरूम पर रुके, जहां भाकियू कार्यकर्ताओं और स्थानीय व्यापारियों ने फूल-मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया।

टिकैत बिजनौर जिले में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर आयोजित जनसभा में शामिल होने जा रहे थे। धनौरा में संक्षिप्त बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान में देरी, बढ़ती बिजली दरें और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहा नुकसान किसानों की बड़ी समस्याएं हैं। सरकारों को इन मुद्दों पर ठोस और स्थायी समाधान करना होगा, अन्यथा किसान आंदोलन और जनसभाओं का सिलसिला लगातार चलता रहेगा। उनके आगमन की सूचना मिलते ही तहसील क्षेत्र में भाकियू कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुट गई। स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने कहा कि राकेश टिकैत किसानों की सशक्त आवाज हैं और उनके नेतृत्व में किसान एकता लगातार मजबूत हो रही है। इस अवसर पर संजीव कुमार, सचिन चौधरी, सौरभ सहोते, विकल्प सहोते, अभि तेजा, राघव, लविश, सुधाकर, दिवाकर, प्रभाकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामलीला मैदान में ठेले वालों पर कार्रवाई का विरोध

## 26 फरवरी तक समाधान नहीं हुआ तो करेंगे पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रामलीला मैदान में वर्षों से लगे 32 ठेले-रेड़ी पटरी वालों को हटाने के प्रयास का कड़ा विरोध किया है। संगठन ने इसे गरीब परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा हमला बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में तहसील कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए कहा गया कि किसानों के अंश निर्धारण, विरासत दर्ज, रजिस्ट्री और किसान क्रेडिट कार्ड जैसे कार्य बिना लेन-देन के नहीं हो पा रहे हैं, जिससे किसान लगातार परेशान हैं। यूनियन ने तिगरी धाम गंगा तट की बदहाल स्थिति, अंतिम संस्कार अवशेषों के खुले में पड़े होने और स्वच्छता व्यवस्था के अभाव पर भी गहरी नाराजगी जताई। इसके साथ ही वेव शुगर मिल पर गन्ना किसानों के बकाया भुगतान, केसीसी लिमिट बढ़ाने, बैंकों की अवैध वसूली रोकने और किसानों से जुड़ी डिजिटल व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग रखी गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 26 फरवरी 2026 तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 27 फरवरी को महादेव रामलीला ग्राउंड धनोरा से एसडीएम कार्यालय तक धरना-प्रदर्शन व पैदल मार्च किया जाएगा।

# युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय जनता युवा मोर्चाए पीलीभीत ने गैस चौराहा पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। यह पुतला फूंकने का कार्यक्रम कांग्रेस यूथ के कार्यकर्ताओं द्वारा ।प् सबमिट कार्यक्रम में अपने कपड़े उतारकर देश को बदनाम करने के विरोध में किया गया था। भारतीय जनता युवा मोर्चाए पीलीभीत के जिला अध्यक्ष चेतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस यूथ के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह कार्य देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को बदनाम करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ती है और यह कार्य उसी का एक उदाहरण है। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी नीतियों को उजागर करना है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का काम किया है और यह कार्य उसी का एक उदाहरण है। भारतीय जनता युवा मोर्चाए पीलीभीत कांग्रेस पार्टी की इन नीतियों का विरोध करता है और देश की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पुतले फूंकने में शामिल लोगों में नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, राहुल सक्सेना आदि रहे।

# सीडीओ ने किया स्ट्रॉबेरी की खेती का निरीक्षण

## दीदियों की मेहनत को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुसल्लेपुर में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्रा ने महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा की जा रही स्ट्रॉबेरी की खेती का मुआयना किया। उन्होंने खेत पर पहुंचकर खेती की स्थिति देखी और स्ट्रॉबेरी उगा रही दीदियों से बातचीत कर उनके कार्य की सराहना की।

महिला समूह की दीदियों ने बताया कि गांव में करीब 90 बीघा भूमि पर समूह के माध्यम से स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है। इससे गांव की महिलाओं को रोजगार मिला है और उनकी आमदनी भी बढ़ रही है। सीडीओ ने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अच्छा कदम है और अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा है। इस मौके पर एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, एडीओ पंचायत गजरौला सतेंद्र सिंह, पंचायत सचिव सुमित सैनी, बीएमसी सविता व कुसुम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने खेती के तरीके, सिंचाई व्यवस्था और देखरेख की जानकारी ली और समूह की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## युवक के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** चार व्यक्तियों ने मजदूरी करके लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शकरथली निवासी इंद्रपाल सिंह का भतीजा तेबिंत कुमार शुक्रवार रात 8 बजे गजरौला से काम कर घर लौट रहा था, रास्ते में गांव के ही मोनू,भीष्म, मोहित और उसका भाई तारा मिल गए। चारों ने तेबिंत के साथ गाली गलौज करते हुए अपमानित किया, जब तेबिंत ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे मारपीट करके घायल कर दिया।

## मृतक परिवार का सांसद ने बंधाया ढांढस



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह ने गांव दुर्गुपुर स्थित चौधरी अलीदमन सिंह के आवास पहुंचकर उनके पिता के निधन पर शोक प्रकट कर परिजनों को सांत्वना दी। शनिवार को सांसद कंवर सिंह तंवर गांव दुगुर्पुर स्थित चौधरी अलीदमन सिंह के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने उनके पिता नरेन्द्र सिंह के निधन पर दुख जताया तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि वह शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दे। उनके साथ युद्धवीर सिंह, गिरीश त्यागी, मनोज शर्मा, महेश खड़गवंशी, अंकुर नागर, महेश प्रधान, कृष्ण कुमार, अतुल चौधरी, शरद गर्ग, सतीश अग्रवाल, मोनू यादव आदि रहे।

# ब्लू बर्ड्स स्कूल में मिनी यूपीएससी इंटरव्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को मिनी यूपीएससी कार्यक्रम के तहत अंतिम चरण के रूप में साक्षात्कार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और संवाद क्षमता का प्रदर्शन किया।

साक्षात्कार पैनल का नेतृत्व एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने किया। उनके साथ सीओ अंजलि कटारिया विद्यालय की निदेशक राखी अग्रवाल, प्रधानाचार्य शेली गांधी तथा पीजीटी शिक्षक नमित कुमार मान पैनल में शामिल रहे। साक्षात्कार के दौरान छात्रों ने पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सहज एवं संयमित ढंग से दिए। बच्चों के आत्मविश्वास, विचारों की स्पष्टता, व्यक्तित्व तथा प्रस्तुति शैली की पैनल सदस्यों ने सराहना की। अधिकारियों ने छात्रों के प्रदर्शन को अपेक्षा से बेहतर बताया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव एवं सीओ अंजलि कटारिया ने विद्यालय की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रशासनिक सेवाओं के प्रति रुचि विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई।

# प्राचीन शिव मंदिर में दुर्गे माता व राम दरबार की मूर्तियां स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला ज्योतिनगर में प्राचीन शिव मंदिर में माता दुर्गे एवं राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस दौरान विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों ने

**■ समापन पर विशाल भंडारा भी किया गया आयोजित**

प्रसाद भी ग्रहण किया। बता दें कि प्राचीन शिव मंदिर में पिछले तीनों से प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे थे। शनिवार को पंडित सर्वेश्वर शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद माता दुर्गे एवं राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर गौरव शर्मा, नेमपाल सिंह, योगेंद्र सिंह गिल, कावेंद्र सिंह गिल, दिग्विजय सिंह धारीवाल ,दीपक शर्मा , सतेन्द्र सिंह , संजीव कुमार, मदन पाल सिंह, विजय सिंह, मधुसूदन शर्मा , महक शर्मा , शशि गिल , सर्वेश , गीता देवी सुदेश कौर , सुनीता देवी , सौरव शर्मा, अलका देवी, सुजाता , ममता , पवित्रा, सुषमा आदि भक्तगण शामिल रहे।



## पति से विवाद पर पत्नी ने पिया तेजाब

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** पति से विवाद के चलते पत्नी ने घर में रखा तेजाब पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत में फिलहाल सुधार है। डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव में पति पत्नी के बीच विवाद के चलते 22 वर्षीय विवाि. हता ने शुक्रवार को दोपहर शौचालय में रखे तेजाब का सेवन कर लिया हालत बिगड़ते देख परिजनों ने उसे मुरादाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां विवाहिता की हालत में सुधार है।

## बुखार से पीड़ित छात्रा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** बुखार से पीड़ित कक्षा नौ की छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गयी। जिससे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। जानक. ारी के अनुसार डिडौली निवासी हरपाल सिंह की चार बेटियों और एक बेटे में 14 वर्षीय बेटी ज्योति कक्षा 9 की छात्रा थी कई माह से बुखार से पीड़ित चल रही थी जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था चार दिन पहले हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद ब्राइट स्टार अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान छात्रा ज्योति की मौत हो गई।


## ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली स्कूल के पास ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली रेत से लदी लेखपाल दिवाकर ने पकडी सूचना मिलते ही खनन अधिकारी केवी सिंह भी मौके पर पहुंच गए दस्तावेज सही मिले परंतु रेत ओवरलोड होने पर ट्रैक्टर ट्राली को थाने ले जाकर खड़ी कर दिया गया है।

# कैंसर के खिलाफ जंग में मील का पत्थर साबित हुए एमपीएमएमसीसी एवं एचबीसीएच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र (एमपीएमएमसीसी) एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल (एचबीसीएच) ने अपना सातवां स्थापना दिवस मनाते हुए 'सेवा, शिक्षा और अनुसंधान' के प्रति अपनी प्रतिब(ता को दो. हराया। वर्ष 2019 में लोकार्पण के बाद से इन संस्थानों ने कैंसर उपचार एवं जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और प्रेरणादाई मानक स्थापित किए हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इसकी शुरुआत शनिवार को सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम से हुई, जबकि 22 फरवरी को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समारोह सम्पन्न होगा। इस अवसर पर संस्थान की स्थापना से अब तक की उपलब्धियों, तकनीकी नवाचारों, आधारभूत संरचना के विस्तार, मजबूत मरीज सेवाओं तथा अत्याधुनिक कैंसर निंदान एवं उपचार सुविधाओं को रेखांकित किया गया। सीएमई का उद्घाटन काशी हिदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो- अजीत कुमार चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र के प्रथम 'महामना ओरेशन' में अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। देशभर से आए चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं चिकित्सा पेशेवरों ने सम्मेलन में भाग लिया और ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में उभरती प्रगतियों पर विचार-विमर्श किया। मुख्य वक्ताओं में आईएमएस बीएचयू के निदेशक प्रो- एस- एन- संखवार, प्रसि( कैंसर सर्जन डा. हरित चतुर्वेदी तथा टाटा स्मारक अस्पताल, मुंबई के पूर्व निदेशक डा. आर- ए- बडवे शामिल रहे। एमपीएमएमसीसी एवं एचबीसीएच के निदेशक प्रो- सत्यजीत प्रधान ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ उपचार उपलब्ध कराना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। स्थापना से अब तक लगभग 50 हजार के करीब आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को इलाज प्रदान किया गया है। अस्पताल के मेडिकल सोशल वर्क विभाग के माध्यम से विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाओं के तहत इन मरीजों को करीब 500 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई।

# भारत मंडपम मुद्दे पर सियासी घमासान तेज

### लखनऊ में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत मंडपम मुद्दे को लेकर राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका और 'राहुल गांधी मुर्दाबाद' तथा 'कांग्रेस होश में आओ' जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कांग्रेस अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि देश विरोधी राजनीति और भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी युवाओं को स्वीकार नहीं है।

उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश की साख से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेडिग कर रोक दिया, जिसके चलते कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

हालांकि पुलिस की सतर्कता से स्थिति नियंत्रण में रही। राजधानी में इस मुद्दे को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी तकरार तेज हो गई है। भारत मंडपम विवाद ने प्रदेश की राजनीति में नई गर्माहट ला दी है और आने वाले दिनों में इस पर बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट चल रहा है। इसी दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारत मंडपम में टॉपलेस होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मोदी विरोधी नारे भी लगाए। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिस तरह बिना शर्ट के प्रदर्शन किया उसे लेकर राजनीति गरमा गई है। भाजपा ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर सवाल उठाए हैं। देश की सत्ताधारी पार्टी ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से हंगामा किया ए देश की छवि खराब करने की कोशिश है। कांग्रेस देश का मान सम्मान भूल गई है।

### रायबरेली में वंदे भारत प्रोटोटाइप रेक का सफल प्रारंभिक ट्रायल

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के लालगंज स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ/अरेडिका) में वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रोटोटाइप रेक का प्रारंभिक ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ट्रायल के दौरान रेक को 10 किमी प्रति घंटा की सीमित गति से चलाकर विभिन्न तकनीकी प्रणालियों का परीक्षण किया गया। इनमें ट्रैक्शन, ब्रेक प्रतिक्रिया, पैंटोग्राफ-वीसीबी संचालन, उच्च वोल्टेज प्रणाली तथा पैसेंजर एनाउंसमेंट एवं पब्लिक इंफॉर्मेशन सिस्टम शामिल रहे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर- एन- तिवारी ने शनिवार को बताया कि प्रथम चरण के गति परीक्षण सफल रहे। पैंटोग्राफ-वीसीबी संचालन और उच्च वोल्टेज प्रणाली का परीक्षण ड्राइवर डेस्क यूनिट से किया गया।

# नसबंदी के दौरान महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के नैनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को नसबंदी के दौरान एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने जम कर हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि मुंडी चक निवासी रोशनी (28) शुक्रवार सुबह अपने पति प्रवेश के साथ नसबंदी कराने चाका सीएचसी पहुंची थीं। यहां लगे शिविर में शाम करीब चार बजे सर्जन डा. प्रतिमा मिश्रा और डा. आशुतोष ने उनका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ गई।

गंभीर हालत में उन्हें स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, उन्हें एसआरएन अस्पताल ले जाने के बजाय जीवन ज्योति अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार देर शाम रोशनी ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजन शव लेकर चाका सीएचसी पहुंचे। महिलाओं ने करीब 50 मीटर तक शव को लादकर सड़क तक पहुंचाया और धरने पर बैठकर जाम लगा दिया। इस दौरान एम्बुलेंस कर्मियों से मारपीट और जमकर हंगामा भी हुआ। सड़क पर बैरिकेडिग कर आवागमन रोक दिया गया, जिससे लंबा जाम लग गया। सूचना पर नैनी इंस्पेक्टर और बाद में सहायक पुलिस उपायुक्त करछना सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने करीब चार घंटे तक परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजनों ने संबंधित डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी तथा 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। बाद में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए-के- तिवारी और तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद परिजन चार लाख रुपये मुआवजे पर सहमत हुए। प्रशासन की ओर से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास तथा बच्चों के भरण-पोषण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद देर रात करीब 12 बजे जाम खुलवाया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

# गोकशी के मुख्य आरोपी समेत सात गिरफ्तार

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के इन्हौना क्षेत्र में गोकशी प्रकरण में वांछित जुनैद अहमद को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि जिले के इन्हौना थाना क्षेत्र के करन गांव में बीस फरवरी को हुई गोकशी की घटना में वांछित चल रहे जुनैद अहमद के बीती देर रात क्षेत्र में होने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस ने सेमरौता मार्ग पर गन्द नाला के पास घेराबंदी की। मौके पर बैकअप के लिए जायस और मो. हनगंज थानों की पुलिस भी बुलाई गई।

पुलिस के मुताबिक खुद को घिरता देख जुनैद ने फायरिग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटनास्थल से पुलिस ने एक तमंचा, दो जिदा कारतूस, एक बाइक और गोकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से उसके छह अन्य साथियों को गिरफ्तार किया। जो उसके साथ मिलकर गोकशी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पूरे मामले में जांच एवं अन्य विधिक कार्यवाही जारी है। सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में इन्हौना थाना क्षेत्र के गन्द नाला सेमरौता मार्ग पर हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी घायल हुआ और अब पूरे मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी में फिर शुरू हुई 'लखनऊ दर्शन' बस में विधानसभा की सैर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होते ही 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा से विधानसभा की सैर एक बार फिर पर्यटकों के लिए शुरु कर दी गई है। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा कारणों से विधानसभा भ्रमण अस्थाई रूप से रोक दिया गया था। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सत्र समाप्त होने के साथ ही विधानसभा को दोबारा टूर में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि भव्य स्थापत्य, विशाल गुंबद और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण विधानसभा भवन राजधानी की पहचान है और इसके शामिल होने से 'लखनऊ दर्शन' और आकर्षक हो गया है। टूर का एक प्रमुख आकर्षण जनरल पोस्ट ऑफिस लखनऊ (पूर्व रिग थिएटर) भी है। नौ अगस्त 1925 के काकोरी कांड के बाद अंग्रेज सरकार ने यहां विशेष अदालत बनाकर करीब 10 महीने तक मुकदमा चलाया था। इस मुकदमे में राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान को फांसी की सजा सुनाई गई थी, जबकि शचीन्द्रनाथ सान्याल को कालापानी और मन्मथनाथ गुप्त सहित अन्य को कठोर कारावास मिला। आज यहां स्थित संग्रहालय में उस दौर की यादें संरक्षित हैं, जिन्हें पर्यटक देख सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) की 'लखनऊ दर्शन' इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा प्रतिदिन सुबह और शाम दो पालियों में 1090 चौराहे से संचालित होती है। यह बस राजधानी के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्थलों का भ्रमण कराती है। टिकट आधिकारिक वेबसाइट या प्रस्थान स्थल से प्राप्त की जा सकती है। किराया वयस्कों के लिए 500 रुपये और बच्चों के लिए 400 रुपये निर्धारित है। बस में प्रशिक्षित टूर गाइड उपलब्ध रहते हैं। इलेक्ट्रिक बस होने के कारण यह यात्रा पर्यावरण के अनुकूल और आरामदायक भी है।

### देवरिया जिले में पांच चीनी मिलों में से मात्र एक अस्तित्व में

**देवरिया।** कभी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में सरकारी तंत्र की उपेक्षा के चलते पांच चीनी मिलों में मात्र एक एशिया की सबसे पुरानी चीनी मिल अस्तित्व में है। आज यहां पांच चीनी मिलों में से मात्र एक प्रतापपुर की चीनी मिल चल रही है। कभी देवरिया जिले में देवरिया में गौरीबाजार, बैतालपुर, देवरिया सदर, भटनी और प्रतापपुर पांच चीनी मिल चला करती थी, लेकिन यहां की चार चीनी मिलें देवरिया सदर, बैतालपुर, गौरी बाजार और भटनी की चीनी मिलें सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्षो पूर्व बंद हो गई। इन चीनी मिलों के बंद हो जाने के कारण जहां उसमें कार्यरत कर्मचारी बदहाल हो गए। वहीं गन्ना किसान भी इस जिले में गन्ने की खेती करने से परहेज करने लगे। यहां के किसान गन्ने की खेती कर खुशहाल महसूस करते थे। लेकिन चीनी मिलों के बंद हो जाने के कारण अब वे गन्ना बोने से परहेज करते दिख रहे हैं। यहां के गन्ना किसानों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में चाहें जो भी दल सत्ता में आयीं। लेकिन किसी ने भी गन्ना किसानों की चिन्ता नहीं की और किसी ने भी बंद चीनी मिलों को चलवाने के प्रति ध्यान नही दिया। वहीं किसानों का कहना है कि चुनाव के दौरान तो सभी सियासी दलें किसानों को सपना दिखा कर अपनी रणनीतिक रोटियां सेक लेतें हैं। जिससे यहां का गन्ना किसान अपने को ठगा महसूस करते हैं। देवरिया जिले में चीनी मिल छोघ दिया जाय तो यहां कोई विशेष उद्योग धंधा नही है जहां यहां के बेरोजगार रोजगार की तलाश कर सकें। घाटे और अन्य कारणों से भटनी गौरी बाजार, देवरिया और बैतालपुर चीनी मिले बंद कर दी गई। जो जिले के औद्योगिक और कृषि परिदृश्य के लिए एक बघ झटका लगा। देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ किसान एक बैनर तले बैतालपुर चीनी मिल चलाने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना वर्षो से कर रहे हैं।

### फर्जी डिग्री रैकेट को लेकर एसआईटी करेगी 14 विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों से पूछताछ

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश की कानपुर पुलिस फर्जी मार्कशीट और डिग्रियां दिलाने वाले सिडिकेट का भंडाफोड़ होने के बाद अब उन सफेदपोश का बेनकाब करेगी जो पर्दे के पीछे आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे थे। संयुक्त पुलिस आयुक्त विपिन ताडा ने बताया कि पिछले दिनो किदवई नगर क्षेत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट और डिग्री दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने किया था। इस मामले की तह में जाने के लिए पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल के निर्देश पर 14 सदस्ईय एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन किया गया है। यह टीम अब उन सफेदपोश लोगों की पहचान करेगी, जो पर्दे के पीछे से इस शिक्षा माफिया को संचालित कर रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो दिन पहले पुलिस ने इस गिरोह के मास्टरमाइंड शिक्षक शैलेंद्र को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। जांच में सामने आया कि उसने एडमिशन एजेंट के रूप में शुरुआत की और धीरे-धीरे नौ राज्यों की 14 यूनिवर्सिटियों में अपना नेटवर्क फैला लिया। श्री ताडा ने बताया कि पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। सिडिकेट बीटेक, बी-फार्मा और एलएलबी जैसी डिग्रियां दिलाने के लिए 40 प्रतिशत कमीशन लेता था, जबकि 60 प्रतिशत हिस्सा विश्वविद्यालयों के क्लर्क और कर्मचारियों को दिया जाता था। हालिया छापेमारी में पुलिस ने 900 से अधिक फर्जी मार्कशीट और डिग्रियां बरामद की थीं। गठित एसआईटी टीम एडिशनल डीसीपी कानपुर दक्षिण के नेतृत्व में संबंधित 14 विश्वविद्यालयों के क्लर्कों और कर्मचारियों से गहन पूछताछ करेगी। जांच का मुख्य उद्देश्य इस पूरे नेक्सस में शामिल लोगों की पहचान करना, उनकी भूमिका स्पष्ट करना और गिरोह के काम करने के तरीके का खुलासा करना है।

### शहीद अग्निवीर के पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के अग्निवीर धीरज कुमार गुप्ता जम्मू और कश्मीर में देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए, उनका पार्थिव शरीर शनिवार को गृह जिला पहुंचने की संभावना है। इस बीच सड़कों पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 23 वर्षीय अग्निवीर धीरज गुप्ता, निवासी जेठूपुर (भदोही), गत बुधवार रात आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। उनका पार्थिव शरीर जम्मू-कश्मीर से विशेष वाहन द्वारा लाया जा रहा है। शनिवार को रामपुर गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया गया कि धीरज मार्च 2023 में अग्निवीर बने थे।

# फिल्म के विरोध में प्रदर्शन, बैन की मांग को लेकर ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म को प्रतिबंधित करने की मांग को लेकर वीर आहिर सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हंडिया मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत यादव का आरोप है कि फिल्म में यादव समाज को कथित ष्लव जिहादष् से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है, जिससे समुदाय में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का चित्रण समाज और आने वाली पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। हंडिया में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा और फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो जिला मुख्यालय पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को संबंधित उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण बताई जा रही है।

# काशी में चिता भस्म की होली का किया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में मणिकर्णिका घाट पर आयोजित होने वाली 'चिता भस्म की होली' विवादों में घिर गई है। 28 फरवरी को महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर प्रस्तावित इस आयोजन का काशी विद्वत परिषद, अखिल भारतीय संत समिति तथा विभिन्न विद्वानों ने कड़ा विरोध किया है।

विद्वानों का कहना है कि श्मशान घाट पर उत्सव मनाना, हुड़दंग करना तथा तेज आवाज में गीत-संगीत बजाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। चिंता भस्म होली के आयोजक गुलशन कपूर ने दावा किया कि यह काशी की प्राचीन परंपरा है। उनका कहना है कि विरोध करने वाले लोग विद्वान नहीं हैं। मान्यता के अनुसार, रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ और मां गौरा के साथ काशीवासी तथा देश-विदेश के लोग होली खेलते हैं, लेकिन बाबा के प्रिय गण भूत, प्रेत, पिशाच सामान्य मनुष्यों के साथ होली नहीं खेल सकते। प्राचीन मान्यता है कि एकादशी के दूसरे दिन, द्वितीया तिथि को बाबा अपने प्रिय गणों के साथ श्मशान घाट पर चिंता भस्म की होली खेलते हैं। सोशल मीडिया के कारण 'मसान की होली' विश्वविख्यात हो गई है और देश-विदेश से लोग इसे देखने आते हैं।

आयोजक का आरोप है कि इसी कारण कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। काशी हिदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं काशी विद्वत परिषद के संगठन मंत्री प्रो- विनय पांडेय ने बताया कि 'मसान की होली' कुछ वर्षों से काशी में देखने को मिल रही है, जो बिल्कुल शास्त्र-सम्मत नहीं है। यह सनातन परंपरा को विकृत कर रही है तथा समाज में विकृतियां पैदा कर रही है।

काशी विद्वत परिषद इसका पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा, ष्श्मशान की अपनी मर्यादा है, यह किसी उत्सव का स्थल नहीं है। मसान होली के नाम पर हुड़दंग करना कहीं से उचित नहीं। डीजे की धुन पर नृत्य करना श्मशान में शोभनीय है क्या। क्या शिव का सामर्थ्य किसी के अंदर है। यह पूर्णतष् अशास्त्रीय उपक्रम है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मसान की होली अब एक इवेंट मैनेजमेंट का हिस्सा बन गई है। नशे में धुत लोग हुड़दंग करते हैं। यह कैसी परंपरा है, जिस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा हो, आंखों में आंसू हों, जिसने अपने परिजन को खोया हो,उसके सामने मसान होली के नाम पर हुड़दंग करना कतई उचित नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने इसे महज एक इवेंट बना दिया है। अखिल भारतीय संत समिति इसकी घोर निंदा करती है और इसका पुरजोर विरोध करती है।

# अमान्यता प्राप्त इंटर कक्षाओं के संचालन पर दो विद्यालयों पर मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में अमान्यता प्राप्त तरीके से इंटरमीडिएट कक्षाओं का संचालन किए जाने के मामले में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर दो विद्यालयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार बिना मान्यता इंटरमीडिएट कक्षाओं का संचालन तथा विज्ञान वर्ग के छात्रों की परीक्षा अन्य विद्यालय से संबद्ध कराए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था। जिले के महुआडीह क्षेत्र स्थित श्री जगरनाथ राव श्री कृष्ण प्रताप राव उच्च माध्यमिक विद्यालय, सवरेजी खरग तथा मंजूर अली इंटर कॉलेज, करजहा में बिना मान्यता इंटर कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। साथ ही विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों की परीक्षा दूसरे विद्यालय से संबद्ध कराई जा रही थी, जो नियमों के विरुद्ध है। प्रवक्ता ने बताया कि 17 फरवरी को एक छात्रा ने जिलाधिकारी के जनता दर्शन में पहुंचकर शिकायत की थी कि विद्यालय ने उसका विधिवत नामांकन नहीं किया और प्रवेश पत्र भी उपलब्ध नहीं कराया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। एडीआईओएस के साथ गठित संयुक्त टीम ने 19 फरवरी को अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शिकायत सही पाई गई और अनियमितताओं की पुष्टि हुई। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर संजय कुमार रेड्डी ने शनिवार को बताया कि महुआडीह थाने में संबंधित दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के विरुद्ध छात्रों के साथ तथ्य छिपाकर धोखाधड़ी करने, कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों का अन्य संस्थाओं से मिलीभगत कर पंजीकरण एवं नामांकन कराकर बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अमेठी में भागवत कथा के दौरान हर्ष फायरिंग आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में एक धार्मिक आयोजन के दौरान हर्ष फायरिग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक सरवणन टी- ने बताया कि मोहनगंज थाना क्षेत्र में वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई। आरोपी शिव बहादुर यादव, निवासी पूरे दल सिंह मजरे चिलूली, थाना मोहनगंज, को 12 बोर की एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक, दो जिदा कारतूस और एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 14 फरवरी को उसके नए घर पर आयोजित भागवत कथा के दौरान उसने हर्ष फायरिग की थी। पुलिस के अनुसार, यह कृत्य शस्त्र लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन है।

# डर को जन्म देती है चुप्पी आवाज उठाएं: शीलम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में प्रतीक्षा आश्रय गृह जंगल सिकरी खोराबार में समाधान अभियान एवं इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के संयुक्त अभियान -चुप्पी तोड़ , हल्ला बोल-- परियोजना के अंतर्गत में सरवाइवर बच्चों के लिए बाल यौन शोषण के विरुद्ध तथा पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का शनिवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीमती शीलम वाजपेई ने बच्चों का मनोबल बघते हुए कहा कि चुप्पी डर को जन्म देती है जबकि आवाज आत्मबल और सुरक्षा का माध्यम बनती है।

उन्होंने बच्चों को बाल यौन शोषण के विरुद्ध जागरूक रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अपने कानूनी अधिकारों को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ दोतरफा संवादात्मक शैली में चर्चा की गई जिससे बच्चों ने खुलकर अपनी भावनाएं साझा कीं। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य में समाधान अभियान संस्था एवं इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में --चुप्पी तोड़, हल्ला बोल-- परियोजना के अंतर्गत बाल मित्र केंद्र थाना गोरखनाथ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# किसान ने छह बीघा खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के पाली क्षेत्र में एक किसान ने अपने छह बीघा गेहूं की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर जोत दिया। दरअसल उसकी फसल को आवारा जानवरों के झुंड ने अधिकतर खराब कर दिया था जिसके बाद गुस्साए किसान ने यह कदम उठाया। यहां आए दिन गोवंश किसानों की मेहनत पर पानी फेरते हुए उनकी खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे किसान परेशान और हताश हो चुके हैं।

पाली थाने के लौकहा गांव के रहने वाले किसान विश्वेश्वर राजपूत के छह बीघा खेत में खड़ी गेहूं की अधिकतर फसल को आवारा गोवंशों के एक बड़े झुंड ने तहस-नहस कर दिया। जब किसान खेत पहुंचा तो गोवंशों द्वारा फसल को भारी नुकसान पहुंचाने से क्षुब्ध होकर किसान विश्वेश्वर ने खेत में बची हुई फसल को भी ट्रैक्टर से जोत दिया। पीड़ित किसान विश्वेश्वर राजपूत ने बताया कि आवारा गोवंशों के कारण उनकी अधिकांश फसल पहले ही नष्ट हो चुकी थी जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जब फसल बचने की कोई उम्मीद नहीं रही तो उन्होंने शेष फसल को भी ट्रैक्टर से जोत दिया।किसानों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा गोवंशों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए इससे किसानों को हर सीजन में नुकसान उठाना पड़ रहा है। पीड़ित किसान विश्वेश्वर ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा गोवंशों को पकड़ कर गोवंश आश्रय स्थल में भिजवाया जाए, ताकि अन्य किसानों की फसल सुरक्षित रह सके और उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

### लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले आठ पुलिस कर्मी निलंबित

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शुक्रवार को लम्बे समय से ड्यूटी से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने वाले आठ पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में अनाधिकृत रूप से ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने वाले मुख्य आरक्षी राजेश्वर सिंह यादव, मुख्य आरक्षी राम आशीष यादव, मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी रवि वालियान, आरक्षी जितेन्द्र कुमार यादव, आरक्षी नवीन सिंह, आरक्षी विशाल यादव और अनुचर (कुक) विनय कुमार सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत, दो युवक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही शेरगढ़ रोड पर अज्ञात बाहन ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार एक की मौत दो घायल। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

बताते चलें शुक्रवार की रात सेवाज्वालापुर निवासी बाइक चालक नरेश व उसके दो साथी बाइक पर सबार होकर शाही से अपने गांव सेवा जवालपुर जा रहे थे। शाही शेरगढ़ रोड पर गांव सेवाज्वालपुर से करीब 500 मीटर पहले शेरगढ़ की तरफ से शाही की तरफ जा रहे अज्ञात बाहन ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। और बाइक सबार तीनो युवक सड़क पर इधर उधर जा गिरे। राहगीरों ने बाइक के टूटे फूटे टुकड़े और सड़क पर इधर उधर गंभीर हालत में पड़े युवकों को देख कर आने जाने बाले बहनों को दोनों तरफ रुकवा कर एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुँच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया जिला अस्पताल से हायर सेंटर ले जाते समय अरविन्द (15 )पुत्री खूबकरन की मौत हो गई। जबकि नरेश पुत्र जगत पाल व वीरेंद्र पुत्र ओमपाल की हालत गंभीर एवं जिनताजनक है।

मृतक अरविन्द कक्षा दस का छात्र है और दो भाईयों में छोटा है। एक की मौत और दो के गंभीर घायल होने पर गांव शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।राहगीरों ने बताया तीनो युवल अचेतन अवस्था में सड़क पर पड़े हुए थे। गनीमत रही उस बीच कोई भारी बाहन नहीं गुजरा नहीं तो बड़ी जनहानि हो सकती थी।

दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसी टीबी कैमरे तलाश किए लेकिन बाहन की पहचान नहीं हो सकी। उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया बाइक में टक्कर मारने बाले बाहन की तलाश कर बिधिक कार्यवाही की जाएगी।

# खाली प्लॉट में रखी पराली में लगी भीषण आग

- दमकल और पुलिस की तत्परता से आग पर पाया गया काबू, कोई जनहानि नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सकरस में जौहरी लॉन के पास स्थित एक खाली प्लॉट में शनिवार तड़के अज्ञात कारणों से रखी पराली में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम सकरस निवासी धीरेन्द्र चौधरी के खाली प्लॉट में पराली रखी हुई थी। शनिवार सुबह करीब चार बजे अचानक पराली में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां, डायल 112 और थाना पुलिस पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे आसपास के अन्य प्लॉट और संपत्तियों को नुकसान होने से बचा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जानक. ारी जुटा रही है।

घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि आसपास में कुछ घर हैं एक मैरिज हॉल है एक लकड़ी का कारखाना है फिलहाल कोई जन हानी नहीं हुई है।

## एक नजर

# पेड़ काटने के विरोध पर खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फावड़े से वार कर युवक को किया घायल**

**मीरगंज।** मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिल्लापुर में महुआ का पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पिता-पुत्र ने मिलकर एक युवक पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित देवराज सिंह पुत्र सुरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही अरुण कुमार और उनके पिता निरंजन लाल ने शनिवार सुबह उनके खेत में खड़े महुआ के पेड़ को काट लिया। जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो वह दोपहर में खेत पर पहुंचे और इसका विरोध किया।आरोप है कि विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद अरुण कुमार और निरंजन लाल ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान अरुण कुमार ने फावड़े से देवराज सिंह के कंधे पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

शिविर के प्रथम दिन मुख्य अतिथि चौकी पंकज कुमार,थाना ने साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता व्याख्यान दिया। उन्होंने यूपी टोल फ्री नंबर 112 और ऑनलाइन शिकायत प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ठग नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बनाते हैं, इसलिए मजबूत पासवर्ड रखें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें और निजी जानकारी साझा करने से बचें। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक रत्नाकर दुबे, विजय कुमार, शिव प्रताप सिंह, वीरेंद्र शर्मा व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. के. प्रधान मौजूद रहे। बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर लाभ उठाया।

# राष्ट्रीय खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



प्रदेश के मेरठ के माधव कुंज में संगठन के 100 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। बरेली से तहसील नवाबगंज के धौरेरा के पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापिका योगा की गोल्ड्मेडिस्ट और इन्टर नेशनल खिलाड़ी अनीता गंगवार ने इसमें भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन भागवत ने भी भाग लिया। बरेली की नेशनल गोल्ड मैडलिस्ट योगा रितु अग्रवाल ने सहायक अध्यापिका अनीता गंगवार को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिवराम शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे। क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली सहायक अध्यापिका अनीता गंगवार को सम्मानित किए जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमबावू गंगवार, सभासद रामप्रकाश गंग. वार, अजय गंगवार, चंद्र सेन, प्रज्ञा पाराशरी , मनोज दिवाकर, अम्बा प्रसाद आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# देवरनियां पुलिस का सख्त एक्शन

- 73 पाउच अवैध शराब संग युवक दबोचा
- कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में कसा शिकंजा
- आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली देव. रनियाँ पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की बिक्री में संलिप्त एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 73 पाउच (200-200 एमएल) विंडीज यूपीएलएल (मसाला) अवैध देशी शराब बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी बहेड़ी अरूण कुमार के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को कोतवाली देवरनियां पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुंडिया जागीर से सिंगतरा की ओर जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी युवक जय शंकर पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम मुंडिया जागीर, थाना देवरनियाँ, जिला बरेली, उम्र लगभग 26 वर्ष को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 73 पाउच अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस को पूछताछ में आरोपी युवक जय शंकर ने बताया कि वह ग्राम मुंडिया जागीर में स्थित देशी शराब की भट्टी पर सेल्समैन का कार्य करता है। अतिरिक्त मुनाफे के लालच में वह खाली समय में अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेचता था। घटना के समय वह मुंडिया जागीर से सिंगतरा जाने वाले मार्ग पर शराब बेच रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ कोतवाली देवरनियाँ में धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी प्रकाश में आया है, जिसमें आबकारी अधिनियम से संबंधित मामला दर्ज है।

इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की सतर्कता और सख्त नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निर्देशन में पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चला रही है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना की है। कार्रवाई करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवदीप कुमार, हेड कांस्टेबल शमशुल हसन, कांस्टेबल बिट्टू सिंह, कांस्टेबल राजन तथा आबकारी कांस्टेबल मुनाजिर हुसैन शामिल रहे। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब व अन्य अपराधों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा, और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अपराधियों पर भारी पड़ रहे कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में थाना देवरनियाँ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उनकी तेज रणनीति, सक्रिय निगरानी और जीरो टॉलरेंस नीति के चलते क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। हालिया कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके नेतृत्व में पुलिस टीम पूरी मुस्तैदी से कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आम नागरिकों से पुलिस की अपील

कोतवाली देवरनियां पुलिस ने क्षेत्र के आम नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध शराब बिक्री, जुआ, सट्टा या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस और जनता के सहयोग से ही क्षेत्र को अपराध मुक्त और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

# अवैध कटों से बढ़ रहा खतरा नेशनल हाईवे पर प्रशासन अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटों को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है।हाइवे, परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने हाईवे पर कई स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया।

शनिवार को फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), हाईवे विभाग, परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। जेडएफडी सर्वे टीम के साथ एनएचएआई से मोहम्मद तनवीर अहमद, हाईवे विभाग से डीपी सिंह, एआरटीओ वैभव सूती और पुलिस की ओर से उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार निरीक्षण में शामिल रहे। टीम ने धनेटा फाटक, थानपुर, औंध, उनासी चौराहा, राधा कृष्ण मंदिर, एएनए कट से लेकर झुमका तिराहे तक हाईवे के संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अवैध कटों से होने वाली दुर्घटनाओं, ट्रैफिक दबाव और राहगीरों की आवाजाही की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया। हाईवे विभाग के अधिकारी डीपी सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्युदर को शून्य पर लाने के उद्देश्य से विशेष टीम का गठन किया गया है। सर्वे पूरा होने के बाद रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि जान जोखिम में डालकर सड़क पार न करें। निर्धारित अंडरपास का प्रयोग करें। "जिंदगी अनमोल है, इसे लापरवाही में जोखिम में न डालें। उन्होंने कहा प्रशासन का मानना है कि अवैध कटों पर सख्ती और सुरक्षित मार्गों के उपयोग से सड़क हादसों में कमी लाई जा सकेगी।

# सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने सीएचसी मीरगंज का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील दिवस के समापन के बाद डॉ विश्राम सिंह ने साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



सीएमओ ने लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, कोल्ड चेन कक्ष तथा औषधि वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। ओपीडी में चिकित्सकों द्वारा मरीजों का नियमित उपचार किया जा रहा था, जिस पर उन्होंने संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैभव मिश्रा, डॉ. सुरेंद्र कुमार पाल, डॉ. मेहुल कुमार, डॉ. वंशिका गंगवार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक पुनीत सक्सेना, बीसीपीएम प्रेमपाल, आईओ धनेश्वर गिरी, हरिशंकर, हिमांशु गुप्ता एवं दुर्गेश मिश्रा समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# रिटायर सिटी मजिस्ट्रेट के परिजनों से भिड़े पूर्व ब्लॉक प्रमुख के समर्थक

- जुलूस निकालने के दौरान हुआ हंगामा, गाड़ी में तोड़फोड़




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भाजपा में शामिल होने के बाद जुलूस के रूप में प्रथम बार नगर पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र गंगवार उर्फ पिंटू के दर्जनों समर्थकों की शनिवार को सेवा. निवृत सिटी मजिस्ट्रेट के परिजनों से भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में जहां सिटी मजिस्ट्रेट के परिजनों के साथ मारपीट की गई, वहीं उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख के समर्थक की तरफ से भी जवाबी तहरीर पुलिस को दी गई है।

शनिवार को कस्बे में पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र गंगवार उर्फ पिंटू का जुलूस दोपहर के करीब जैसे ही गन्ना समिति कार्यालय के निकट पहुंचा तो वैसे ही पीलीभीत से बरेली जा रहे पीलीभीत के सेवा. निवृत सिटी मजिस्ट्रेट तुलसीराम गंगवार की पुत्री मुन्नी देवी अपने पति सुरेश चन्द गंगवार, पुत्र अमन के साथ कार से यहां पहुंची। आरोप है कि रोड पर जाम लगने की वीडियो अमन बनाने लगा, जिसके चलते जुलूस में शामिल कार्यकर्ता भड़क गए। आरोप है कि समर्थक पूर्व ब्लॉक प्रमुख के जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। वीडियो बनाए जाने का विरोध किया गया जिसको लेकर दोनों में जमकर तकरार होने लगी जो मारपीट में बदल गई। आरा. ेप है कि सेवानिवृत सिटी मजिस्ट्रेट के परिजनों की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। गाड़ी चला रहे अमन ने गाड़ी को तेज गति से भागना शुरू कर दिया। आरोप है कि काफी दूर तक गाड़ी का पीछा किया गया। अमन ने चलते चलते 112 का फोन किया और ए टू जैड में जाकर जान बचाई।

मुन्नी देवी द्वारा दी गई घटना की तहरीर में जहां डीएम की निषेधाज्ञा का उल्लंघन बताया गया, वहीं इसमें आधा दर्जन नामजद के साथ ही 20-30 अज्ञात लोगों के शामिल होने की बात कही गई है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। इस मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र गंगवार उर्फ पिंटू के समर्थक शिव सागर की ओर से भी जवाबी तहरीर दी गई है, जिसमें जाति सूचक शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अवैध रूप से लगी दुकान को नगर पंचायत ने हटाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बा में बिजली घर के पास नगर पंचायत के द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद एक नगर पंचायत कर्मी के द्वारा लगाई जा रही पराग की दुकान को स्थानीय लोगों के विरोध के चलते शनिवार को नगर पंचायत ने उसे हटा दिया।जिससे स्थानीय लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई है।

जानकारी के मुताबिक मंडलायुक्त के निर्देश पर दो दिन पहले बिजली घर के पास रोड पर अतिक्रमण के नाम पर अवैध रूप से लगाए गए खोखो को नगर पंचायत और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने जेसीबी से तोड़कर हटा दिए थे।लेकिन अगले दिन हटाए गये अतिक्रमण की साफ सुथरी जगह पर एक नगर पंचायत कर्मी के द्वारा पराग की दुकान खोलने की तैयारी की जाने लगी। टीन का खोखा लगाया जाना लगा।इतना ही नहीं बाधक बन रहे पाकड़ के पेड़ की दो टहने भी काट दिए।स्थानीय लोग जिनके खोखे हटाए गये।नसीम,शकील, अय्यूब, भूरे, रिफाकत, निसार अहमद, कदीर अहमद, इसरार, पप्पू अहमद, बशीर आदि ने तहसीलदार समेत कई अधिकारियों से शिकायत की थी।जिसके चलते शनिवार को ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने लगाई जा रही पराग की दुकान को हटवा दिया गया। दुकान हटने के बाद शिकायत कर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

## कार्यालय उप जिलाधिकारी ( न्यायिक ), मीरगंज बरेली

**वाद संख्या-T-20251213/0611198/2026 दिनांक:- 30-01-2026**

1. मुन्नी पत्नी इद्दू निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।
2. निसार अहमद पुत्र इद्दू निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।
3. शकील अहमद पुत्र इद्दू निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।

**बनाम**

1. अब्दुल सलाम पुत्र नन्हे निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।
2. इरफान पुत्र शौकत निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।
3. इंतजार अली पुत्र नन्हे निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।
4. नूर जहां पत्नी नन्हे निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।
5. सलामत अली नन्हे निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।
6. सहादत अली पुत्र नन्हे निवासी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत तहसील मीरगंज जिला बरेली।

अन्तर्गत धारा-116 राजस्व सं. हता-2006

आराजी ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत परगना अजाऊँ, तहसील मीरगंज जिला बरेली।

चूँकि मुन्नी पत्नी इद्दू आदि निवासी ग्राम ग्राम पैगानगरी उर्फ नगारिया भगत परगना अजाऊँ तहसील मीरगंज जिला बरेली ने धारा-116 राजस्व संहिता-2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 27.02. 2026 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जबाव दे होकर मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो बरना गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा।

आज तारीख 30.01.2026 मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी ( न्यायिक )**
**मीरगंज बरेली**

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शेरगढ़ रोड तिराहा के पास सड़क किनारे पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



**निजी अस्पताल में भर्ती, परि. जनों ने बाइक चालक के खिलाफ दी तहरीर**

जानकारी के अनुसार ग्राम मोहम्मदपुर निवासी नंदकिशोर शनिवार सुबह अपने खाली प्लॉट को देखने के लिए शेरगढ़ रोड तिराहा गए थे। प्लॉट देखकर वापस लौटते समय वह सड़क किनारे पैदल चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही नंदकिशोर गंभीर कोई रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन आसपास मौजूद राहगीरों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बुजुर्ग को तत्काल सरकारी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घायल के भतीजे रिंकू ने बाइक चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम ने सुनीं ग्रामीणों की शिकायतें, 58 में से नौ का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अविनाश सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सभागार में ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 58 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

सिमरिया गांव की लता ने अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन पर प्रधान द्वारा मोहर न लगाने तथा परिजनों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत की। वहीं छोटे लाल ने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के पास जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में उनकी तीन वर्षीय पुत्री साक्षी की डूबकर मौत होने की घटना को उठाते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।मीरगंज कस्बा निवासी लाज रो. हिला ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर उनकी जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी डालकर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। बहरोली के वीरबहादुर ने खेत के पास पड़ोसी द्वारा चकरोड काटकर रास्ता बंद किए जाने की समस्या रखी।सैंजना गांव के प्रधान सोमपाल, कोमिल प्रसाद एवं बेंचे लाल मौर्य ने डीएम को अवगत कराया कि ग्राम में एक ही गाटा संख्या में 15 एकड़ भूमि उपलब्ध है।

उन्होंने उक्त भूमि पर सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने की मांग की।धंतिया खुदागंज के सूरजपाल द्वारा रास्ता ठीक कराने की शिकायत पर डीएम ने क्रिटिकल गैप फंड से मार्ग दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

अधिवक्ताओं ने चौंबर मार्ग का निर्माण कराने की मांग रखी, जिस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी मीरगंज को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ठिरिया बुजुर्ग के एक ग्रामीण ने अवैध कब्जा हटवाने की मांग की, जिस पर डीएम ने धारा 24 के अंतर्गत वाद दर्ज करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में एसडीएम आलोक कुमार, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार यादव, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, सीओ अजय कुमार एवं नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पेट्रोल पम्पों की एनओसी प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पम्पों की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) निर्गत किए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नवीन शासनादेश का भली-भांति अध्ययन कर उसी के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि जिन आवेदकों की एनओसी जारी हो चुकी है, वे शीघ्र ही संबंधित पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, ताकि आगे की प्रक्रिया में कोई विलंब न हो। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ प्रकरणों में बीडीए से एनओसी प्राप्त नहीं हुई है। इस पर डीएम ने संबंधित पेट्रोल पंप स्वामियों को निर्देशित किया कि वे सोमवार को संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार किसी भी फाइल को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। सरकार की योजनाओं एवं निवेश संबंधी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।

# रूई कारखाने में आग से लाखों का नुकसान

## शार्ट सर्किट से लगी आग ने मचाया तांडव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। काटन कारखाना में लगी आग से तैयार रूई व कच्चा माल समेत मशीनें भी जलकर राख हो गई। घटना से मुहल्ले में हड़कंप मचा रहा। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। कारखाना स्वामी के मुताबिक घटना में लगभग कई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला इस्लामनगर की है। यहां पर ईदगाह के पास दानिश मंसूरी का परिवार रहता है। वह काटन कारोबारी हैं। घर के पास ही उनका काटन कारखाना है। शुक्रवार रात वह कारखाना बंद कर घर चले आए थे।

**■ कच्चे माल के साथ मशीने भी जलकर राख**

रात में लगभग एक बजे के करीब कारखाना में आग लग गई। कारखाना से धुआं व आग की लपटें निकलीं तो दानिश मंसूरी व उनके स्वजन को घटना की जानकारी हुई। उन्होंने कारखाना के पास जाकर शोर मचाया तो लोगों की भीड़ जमा हो गई। पहले तो स्थानीय लोगों ने ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया था, लेकिन उस समय तक आग भड़क चुकी थी तथा सारे कारखाना को जद में ले लिया था। फौरन ही दमकल को सूचना दी। दमकल की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना से मुहल्ले में हड़कंप मचा रहा। कारखाना स्वामी ने बताया कि उनके कारखाना में शार्ट सर्किट से आग लगी है। घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। तैयार रूई व कच्चा माल के साथ कारखाना की मशीनें भी जलकर राख हो गई है।

# कांवरिये के हत्यारोपी की गिरफ्तारी को धरना

## सुहैलदेव पार्टी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कांवड़ लेने जा रहे हरिओम प्रजापति की गोली मारकर हत्या करने वालो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने व परिवार को आर्थिक लाभ दिलाने की माँग को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि थाना डिडौली क्षेत्र के ग्राम सलामतपुर निवासी हरिओम प्रजापति की गांव के ही पूर्व प्रधान टिंकू व उसके भाई पिंकू द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें एक हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। जबकि पिंकू फरार है। लेकिन पिंकू को नौगावां सादात की पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है और जिस हथियार से मृतक को गोली मारी गयी। उसको भी अभी तक बरामद नहीं किया गया है। जिससे पुलिस की लापरवाही उजागर होती है। जिससे गांव में अत्यन्त आक्रोश है। सुभासपा पूर्व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश बलराज सिंह प्रजापति कहा कि हत्यारे पिंकू को 24 घण्टे में गिरफ्तार किए जाने सहित पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मुआवजा दिलाया जाए। उन्होंने मृतक की पत्नी को प्रधानमंत्री आवास दिलाने, मृतक के नाम किसान क्रेडिट कार्ड को माफ करने, समूह की किस्तो को भी माफ करने, मृतक की बेटियों की शादी सरकारी अनुदान से कराने और मृतक के परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की पुरजोर माँग उठाई है। इस दौरान आदेश अमरोही,ज्ञान सिंह, नौ सिंह प्रजापति, महेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, रमेश, सुरेश, राजपाल, सत्यपाल सिंह, कैलाश सिंह प्रजापति, हेमराज सिंह, हरज्ञान सिंह, मोहम्मद शफी,जगद. ीश, उमेश कुमार, प्रकाश, रामसिंह, बलराज सिंह, मतलूब अंसारी अहसान सैफी, पवन कुमार,अजहर आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे

# तेज रफ्तार कार ने युवक को मारी टक्कर

## घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अतरासी मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने शादी समारोह में शामिल होने जा रहे गंगासरन को टक्कर मार दी। हादसे में घायल गंगासरन की हालत गंभीर बनी हुई है, उन्हें मुरादाबाद रेफर किया गया है।

शहर की आवास विकास कॉलोनी प्रथम निवासी संतोष देवी अपने पति गंगासरन के साथ गुरुवार रात लगभग नौ बजे अतरासी मार्ग पर स्थित बैंक्वेट हॉल में विवाह समारोह में शामिल होने गई थीं। उन्होंने अपनी कार बैंक्वेट हॉल के सामने स्थित एआरटीओ ऑफिस के पास खड़ी की थी। जैसे ही गंगासरन सड़क पार करने लगे, तभी अमरोहा दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक कार अत्यधिक तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक मौके से अतरासी की तरफ भाग निकला। पूरी घटना पास में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। परिजनों ने घायल गंगासरन को गंभीर हालत में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़

## आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। परिजनों की गैरमौजूदगी में घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की गई। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां एक मजदूर का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक मजदूर की नाबालिग बेटी घर पर अकेली रहती है, क्योंकि उसकी मां का निधन हो चुका है। पिता मजदूरी के लिए घर से बाहर चला जाता है। आरोप है कि 18 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस के रहने वाला चुनमुन घर में घुस आया और किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गया।शाम को मजदूर के घर पहुंचने ने किशोरी ने आपबीती बता दी। कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में आरोपी चुनमुन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# भक्तों ने बाला जी की शोभायात्रा निकाली

## कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा करके किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर में श्रीबालाजी महाराज की 14वीं भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। विधायक राजीव तरारा ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर रामभक्त हनुमान के भजनों व जयकारों से गूंज उठा। प्रसाद का वितरण भी किया गया। नगर के मोहल्ला बस्ती स्थित अग्रवाल भवन से शनिवार को सायं साढे पांच बजे शुरू हुई इस भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ बाला जी दरबार समिति बरेली के महंत अभिषेक मिश्रा व विधायक राजीव तरारा ने संयुक्त रूप से बालाजी दरबार की जोत प्रज्जवलित कर किया। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार, थाना चौराहा, पश्चिमी रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन होते हुए अग्रवाल भवन पर जाकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह भक्तों ने स्वागत कर बालाजी जोत के समक्ष माथा टेका। शोभायात्रा में सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर पुलिस बल भी मौजूद रहा। इस अवसर पर उपमहंत



आयुष मिश्रा, संरक्षक योगेन्द्र सिंह, अध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार, विवेक बंसल, ओमप्रकाश, जयदेव नागर, समर्थ अग्रवाल, रणवीर सिंह, वैभव गोयल, अमन अग्रवाल, सचिन त्यागी, निहार त्यागी, मीनू आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: डीएम

## समाधान दिवस में 17 में से 3 शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। ब्लाक सभागार में लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायतें दर्ज की गयी। जिनमें से मात्र तीन का निस्तारण किया गया।

डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें राजस्व विभाग की 11, विद्युत, जल निगम, बैंक की 1-1 तथा पुलिस विभाग की तीन शिकायतें दर्ज हुई। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि वह निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित् करायें। उन्होने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते कहा कि प्रत्येक



शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। उन्होंने 22 फरवरी को सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस में सभी अधिकारियों से पूर्ण सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित् करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसपी अमित कुमार आनन्द, सीएमओ डा. योगेन्द्र सिंह, एसडीएम शैलेष कुमार, सीओ अभिषेक यादव, पीडी अमरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पशुशाला में आग से हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। किसान की पशु शाला में आग लगने से हजारो रुपये का सामान जलकर स्वाह हो गया।

आदमपुर में शुक्रवार की देर शाम पप्पू पुत्र सतराम की बाहरी छोर पर स्थित पशुशाला में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर पशुशाला में रखा चारा, लकड़ी, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना में हजारों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पप्पू पुत्र सतराम मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना के समय पप्पू खेत पर काम करने गए हुए थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने पशुशाला से धुआं उठता देखा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने तेजी दिखाते हुए पशुशाला में बंधे पशुओं की रस्सियां काटकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। पशुशाला में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी पशु सुरक्षित बचा लिए गये। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का अनुमान है कि शॉर्ट सर्किट या किसी चिंगारी के कारण आग लगी हो सकती है।

# पालिका ने इंदिरा चौक पर पुलिया का निर्माण शुरू कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर पालिका द्वारा नगर के इंदिरा चौक पर पुलिया का निर्माण शुक्रवार की शाम को शुरू कर दिया गया। वहीं व्यापारियों ने नगर स्वच्छता प्रेरक से भेंट करके आग्रह किया कि पुलिया को आधा

**■ व्यापारियों ने पूर्व विधायक से मिलकर पुलिया को आधा-आधा करके बनवाने की रखी मांग**

आधा करके बनवाया जाए ताकि यहां पर पैदल और बाइक वाले आते जाते रहें और बस्ती रोड के दुकानदारों का व्यापार भी चलता रहा। बता दें



कि इंदिरा चौक पर पुलिया का तल नीचा हो गया था। उसका तल ऊंचा करने के लिए नगर पालिका द्वारा शुक्रवार की शाम से काम शुरू कर दिया गया था। शनिवार की सुबह व्यापारियों ने नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने भेंट करके पुलिया को आधा आधा बनवाने की मांग की, ताकि बस्ती मार्ग स्थित व्यापारियों की दुकानें भी चलतीं रहें। पूर्व विधायक ने व्यापारियों को सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं पालिका द्वारा इंदिरा चौक से बस्ती की ओर जाने वाली ई-रिक्शा व मोटरसाईकिलों को केवल जाने की अनुमति दी, उधर से आने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से होकर ही गुजरना पड़ा। वहीं पुलिया के काम के चलते इंदिरा चौक पर आंशिक जाम के हालात बने रहे। पुलिस भी तैनात रही।

# शिक्षामित्रों ने विधायक का किया स्वागत

## मानदेय बढ़ाने पर जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। योगी सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के हित में लिए गये ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश भर में खुशी की लहर है। सरकार ने शिक्षा मित्रों के मानदेय में भारी वृद्धि करते हुए इसे 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है।

शुक्रवार को शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के आवास पर पहुँचकर सरकार का आभार व्यक्त किया।उत्तर प्रदेश शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी और शिक्षा मित्र हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी से मिले।



शिक्षा मित्रों ने विधायक को फूल-मालाएं पहनाई और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। इस दौरान शिक्षा मित्रों ने योगी सरकार जिंदाबाद के नारे भी लगाये। जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल ने कहा कि शिक्षा मित्र लंबे समय से आर्थिक तंगी और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे थे। प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष और शिक्षा मित्र संघ के जिला संरक्षक रामवीर सिंह ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि केवल शिक्षा मित्रों के लिए ही नहीं, बल्कि अनुदेशकों का मानदेय भी 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही सभी शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्णय एक क्रांतिकारी कदम है। मे मौके पर अध्यक्ष कुलदीप चौहान,ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, दिग्विजय सिंह, राजकुमार चौहान,प्रदीप कुमार, भूरे सिंह, उमेश सैनी,मंगल सिंह, राजपाल सिंह, जयवर्धन सिंह, ,भरत सिंह, उम्मेद अली, रणवीर सिंह, पन्नादत्त और देवेश कुमार, प्रेमलता राणा आदि मौजूद रहे





















